(iv) जिस कार्य या लोप से प्रवंचित व्यक्ति को—शारीरिक, मानसिक, ख्याति, साम्पत्तिक नुकसान (अपहानि) कारित होती है या कारित होनी सम्भाव्य है। ज्ञात हो कि प्रवंचना का अर्थ "तथ्यों को बेईमानी से छिपाना" है।

78. (C) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 87 के अनुसार सम्मति से किया गया कार्य जिसमें मृत्यु या घोर उपहति कारित करनेका आशय न हो और न उसकी सम्भावना का ज्ञान हो, इसमें A और B की सहमति है, इसलिए यह अपराध नहीं होगा। धारा 86 के अनुसार स्वैच्छिक मत्तता में व्यक्ति के द्वारा किये गये कार्य हेतु उसे कार्य की प्रकृति का तथा कार्य की विधि विरुद्ध होने का ज्ञान नहीं होना चाहिए।

अतः इस शर्त की अनुपस्थिति में P द्वारा किया गया कार्य अपराध होगा।

79. (A) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (Indian Penal Code) की धारा 57 में कहा गया है कि "सजा की शर्तों के अंश में जीवन के लिए कारावास को बीस साल के लिए कारावास के बराबर माना जायेगा।"

80. (C) भारतीय दंड संहिता की धारा 120-A में वर्णित है कि किसी 'अपराध' को करने के लिए "केवल राजी हो जाना" ही अभियुक्त को दंड देने के लिए पर्याप्त है, जबकि भारतीय दंड संहिता की धारा 309 के अनुसार आत्महत्या की कोशिश एक अपराध है।

81. (B) धारा 307 का संबंध "हत्या का प्रयास" करने से है। जब अभियुक्त किसी की हत्या करने के आशय से प्रयास करता है, किन्तु वह हत्या करने के प्रयास में सफल नहीं हो पाता तो यह धारा लागू होती है।

82. (B) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 82 के अनुसार सात वर्ष से कम आयु के शिशु द्वारा किया गया कृत्य अपराध नहीं होता। अतः स्पष्ट है कि A ने कोई अपराध नहीं किया है तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 85 के अनुसार ऐसे व्यक्ति का कार्य जो अपनी इच्छा के विरुद्ध मत्तता में होने के कारण निर्णय पर पहुँचने में असमर्थ हो, अपराध नहीं होगा।

83. (D) सरला मुदगल *बनाम* भारत संघ वाद 1995 में, सर्वोच्च न्यायालय ने समलैंगिकता, विवाह के मामलों पर व्यक्तिगत कानूनों के बीच संघर्ष और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 को संदर्भित किया था। सरला मुदगल मामले का संबंध द्विविवाह के अपराध, निजता के कानूनों और देशों में नागरिक संहिता के लिए अत्यधिक आवश्यकता के बीच टकराव से है। अदालत ने यह माना कि इस्लाम में परिवर्तित होने के बाद एक हिन्दू आदमी की दूसरी शादी अमान्य होगी, अगर पहली शादी भंग नहीं हुई है। समथा *बनाम* आंध्र प्रदेश एक अनुसूचित जनजाति मामला है।

लिली थॉमस *बनाम* भारत संघ का संबंध द्वि विवाह (धारा 494 I.P.C.) से है।

श्रेया सिंघल *बनाम* भारत संघ का संबंध साइबर अपराध से है।

84. (A) अपराध के मूलभूत तत्व हैं–
(1) इंसान द्वारा किये गये
(2) आपराधिक इरादा
(3) कोई अवैध कार्य या चूक (लोप)
(4) किसी अन्य व्यक्ति के शरीर, मन, प्रतिष्ठा या सम्पत्ति को चोट पहुँचाना।
एक अपराध के गठन के लिए उपर्युक्त चारों तत्वों की पूर्ति होना आवश्यक है।

85. (B) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304-B के अनुसार "दहेज मौत" के लिये जिम्मेदार व्यक्ति को न्यूनतम 7 वर्ष तथा अधिकतम आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है।

86. (B) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 377 "प्रकृति विरुद्ध अपराध" से संबंधित है।
किसी व्यक्ति द्वारा किसी, पुरुष, स्त्री या जीव–जन्तु के साथ प्रकृति द्वारा स्थापित व्यवस्था के विरुद्ध स्वेच्छा से इन्द्रिय भोग करना "प्रकृति के विरुद्ध" अपराध होता है। इसके लिये व्यक्ति को आजीवन कारावास या 10 वर्ष तक सश्रम अथवा साधारण कारावास दिया जा सकता है। साथ ही जुर्माना भी हो सकता है।

87. (C) मोहम्मद अहमद खान *बनाम* शाह बानो के प्रकारण में शाह बानों के पति ने जब उन्हें तलाक दिया तब उनकी उम्र 62 वर्ष थी। शाह बानों ने दंड प्रक्रिया संहिता (Cr. P.C.) की धारा 125 के अंतर्गत अपने पति से भरण–पोषण भत्ता दिए जाने की माँग की। न्यायालय ने शाह बानो के पक्ष में फैसला दिया, लेकिन उनके पति ने इस फैसले के खिलाफ अपील की और अंततः यह मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुँचा। शाह बानो के पक्ष में आए न्यायालय के फैसले का भारी विरोध हुआ। अन्ततः सरकार ने मुस्लिम धर्मगुरुओं के दबाव में आकर मुस्लिम महिला तलाक पर संरक्षण अधिनियम, 1986 पारित कर दिया। इस अधिनियम के जरिये शाह बानो के पक्ष में आया फैसला भी पलट दिया गया, लेकिन शाह बानो का नाम भारत के न्यायिक इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज हो गया। शाह बानो ने यह वाद 23 अप्रैल, 1985 में जीत लिया था।

88. (B) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 2 (x) के अनुसार वारंट मामला वह होता है, जो एक ऐसे अपराध से संबंधित है, जिसकी सजा मृत्यु दण्ड, आजीवन कारावास अथवा दो वर्षों से अधिक अवधि का कारावास हो सकता है।

89. (B) भा.द.सं. की धारा 146 के अनुसार जब कभी गैर–कानूनी जनसमूह द्वारा या उसके किसी भी सदस्य द्वारा बल या हिंसा का प्रयोग किया जाता है, तब ऐसे जनसमूह के आम उद्देश्य के अभियोजन में, ऐसे जनसमूह का हर सदस्य "बलवा" के अपराध का दोषी होगा।

90. (A) भारतीय दण्ड संहिता के अनुसार धारा 121 (भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध की घोषणा करना या युद्ध करने का प्रयत्न करना या युद्ध करने का दुष्प्रेरण करना) तथा धारा 364A (फिरौती के लिए व्यपहरण) दोनों के अन्तर्गत मृत्युदण्ड दिया जा सकता है।

91. (B) भारतीय दंड संहिता की धाराओं 375 व 376 का संबंध बलात्कार तथा अन्य यौन अपराधों से है। धारा 375 में बलात्कार की परिभाषा दी गयी है तथा 376 में बलात्कार के दण्ड का प्रावधान है।
भा.द.सं. की धारा 375 में निम्न प्रकार से किये गये कार्य बलात्कार की श्रेणी में आयेंगे–
1. उस स्त्री की इच्छा के विरुद्ध संबंध बनाना।
2. उस स्त्री की सम्मति के बिना संबंध बनाना।
3. उसी स्त्री की सम्मति से संबंध बनाना जब उसकी सम्मति उसे या ऐसे किसी व्यक्ति को, जिससे वह हितबद्ध है, मृत्यु या उपहति के भय में डालकर अभिप्राप्त की गयी है।
4. उस स्त्री की सम्मति से संबंध बनाना, जबकि वह पुरुष यह जानता है कि वह स्त्री का पति नहीं है और वह स्त्री अपनी सम्मति इसलिए दी है कि वह ऐसा पुरुष है जिससे वह विधिपूर्वक विवाहित है या स्वयं के विवाहित होने का विश्वास करती है।
5. अगर स्त्री अपनी सम्मति विकृतचित्त या मत्तता या अस्वास्थ्यकर पदार्थ दिए जाने के कारण उस बात की जिसके बारे में वह सम्मति देती है प्रकृति और परिणामों को समझने में असमर्थ है।
6. अगर वह स्त्री 18 वर्ष से कम आयु की है और अपनी सम्मति देती है।
7. जब वह स्त्री संसूचित करने में असमर्थ है।

92. (C) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 194 के तहत यदि किसी निर्दोष व्यक्ति को मिथ्या साक्ष्य के परिणामस्वरूप दोषसिद्ध किया जाये और उसे फाँसी दे दी जाये तो उस व्यक्ति को जो ऐसा मिथ्या साक्ष्य देगा, उसे मृत्युदण्ड दिया जायेगा। धारा 122 में आजीवन कारावास या दोनों में से किसी भांति के कारावास से जो 10 वर्ष तक हो सकेगी और जुर्माने से भी दण्डितकिया जाएगा। धारा 121 (भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध की घोषणा करना या युद्ध का प्रयत्न करना या युद्ध के लिए दुष्प्रेरण करना) में मृत्युदंड का प्रावधान है।

93. (B) राज्यसभा ने 8 अगस्त, 2016 को 'मानसिक स्वास्थ्य सेवा विधेयक' को पारित करके आत्महत्या के प्रयास को अपराध की श्रेणी से अलग कर दिया। इसके अतिरिक्त इस विधेयक में मानसिक रोगियों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने और इस दौरान उनके अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन का प्रावधान भी किया गया है। इस विधेयक में यह कहा गया है कि आत्महत्या का प्रयास करने वाले व्यक्ति को भारतीय दण्ड संहिता के तहत दण्ड नहीं दिया जाएगा, बल्कि पीड़ित व्यक्ति की मानसिक समस्याओं के उपचार व देभभाल की व्यवस्था की जायेगी।

94. (C) यदि कोई अपराध केवल जुर्माने से दण्डनीय हो तथा जुर्माना नहीं दिया जाता तो धारा 67 में इस संबंध में कारावास का प्रावधान है। ₹ 50 के लिए 2 माह, ₹ 100 तक के लिए 4 माह तथा अन्य दशा में 6 माह के कारावास का प्रावधान है। इस धारा के अन्तर्गत कारवास सादा होगा।
अतः ₹ 40 तक के जुर्माने की राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में राम को 2 माह तक के लिए सादा कारावास दिया जाये।

95. (B) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 303- आजीवन कारावास के दण्डादेश के अधीन रहते हुए किसी व्यक्ति की हत्या करने से संबंधित है। मिट्ठू *बनाम* पंजाब राज्य AIR 1983 के वाद में धारा 303 की असंवैधानिक घोषित किया गया तथा इस आधार पर चुनौती दी गयी थी कि उक्त धारा के प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 एवं अनुच्छेद 21 से विसंगत थे।
–ए.डी.एम. जबलपुर *बनाम* शिवाकान्त शुक्ला, (1976, SC) आपातकाल में मूलअधिकारों को लागू नहीं किये जाने के संबंध में है।
–श्रेया सिंघल *बनाम* भारत संघ, (2015, SC) के मामले में I.T. Act की धारा 66A को असंवैधानिक घोषित किया गया।
–पी.ए. इनामदार *बनाम* महाराष्ट्र राज्य, (2005, SC) का मामला आरक्षण से संबंधित है।

96. (A) भारतीय दण्ड संहिता का अध्याय XIV (धारा 268-294A) लोक स्वास्थ्य, क्षेम (सुरक्षा), सुविधा, शिष्टता और सदाचार पर प्रभाव डालने वाले अपराधों के विषय में प्रावधान करती है। दूसरे शब्दों में यह "वातावरण को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनाने" के लिए जुर्माने से संबंधित है।

97. (C) जब लोग लड़ते हुए, सार्वजनिक शांति भंग करते हैं, तो उसे बलवा करना कहा जाता है। बलवा को IPC की धारा 146 के अनुसार–
बलवा के आवश्यक तत्व हैं–
1. पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का होना।
2. आपराधिक बल या प्रदर्शन द्वारा कोई कार्य किया जाना।
3. जमाव के सदस्य का कार्य सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करना।

❑❑

अध्याय

1 हिंदी भाषा का विकास

1. 'बेगमपुरा की अवधारणा को इनमें से किस कवि ने प्रस्तुत किया?
(A) कबीरदास (B) रविदास
(C) तुलसीदास (D) सूरदास
UPSI परीक्षा, 02-12-2021 (प्र.पा.)

2. प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष इनमें से कौन थे?
(A) सुनीति कुमार चटर्जी
(B) पी. सुब्बोरोयान
(C) जी.बी. पन्त
(D) बी.जी. खेर
UPSI परीक्षा, 02-12-2021 (प्र.पा.)

3. किस रचना के बारे में प्रसिद्ध है कि इसे पढ़ने के लिए बहुत से लोगों ने हिंदी सीखी?
(A) परीक्षागरु
(B) चंद्रकांता
(C) गोदान
(D) अद्‌भुत लाश
UPSI परीक्षा, 02-12-2021 (प्र.पा.)

4. वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप इनमें से कौन-सा है?
(A) खड़ी बोली (B) अवधी
(C) ब्रजभाषा (D) देवनागरी
UPSI परीक्षा, 02-12-2021 (द्वि.पा.)

5. राजभाषा सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लेख भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में है?
(A) 443-135 (B) 34-315
(C) 343-351 (D) 334-153
UPSI परीक्षा, 02-12-2021 (द्वि.पा.)

6. अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(A) ब्राह्मी
(B) खरोष्ठी लिपि
(C) कुटिल लिपि
(D) शारदा लिपि
UPSI परीक्षा, 02-12-2021 (तृ.पा.)

7. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ शामिल हैं?
(A) 26 (B) 22
(C) 15 (D) 24
UPSI परीक्षा, 01-12-2021 (प्र.पा.)/(द्वि.पा.)

8. पंजाबी भाषा का उद्‌भव किस अपभ्रंश से माना जाता है?
(A) पैशाची अपभ्रंश
(B) शौरसेनी अपभ्रंश
(C) अर्द्धमागधी अपभ्रंश
(D) ब्राचड़ अपभ्रंश
UPSI परीक्षा, 01-12-2021 (द्वि.पा.)

9. गारो किस राज्य में बोली जाती है?
(A) त्रिपुरा (B) सिक्किम
(C) मेघालय (D) मणिपुर
UPSI परीक्षा, 01-12-2021 (द्वि.पा.)

10. इनमें से कौन–सी भाषा द्रविड़ भाषा नहीं है?
(A) मलयालम (B) तेलुगु
(C) तमिल (D) सौराष्ट्र
UPSI परीक्षा, 29-11-2021 (प्र.पा.)

11. वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग भारत सरकार के किस मंत्रालय के तहत है?
(A) गृह मंत्रालय
(B) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(C) शिक्षा मंत्रालय
(D) विधि मंत्रालय
UPSI परीक्षा, 29-11-2021 (प्र.पा.)

12. पहला विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(A) 1976 (B) 1993
(C) 1975 (D) 1983
UPSI परीक्षा, 29-11-2021 (प्र.पा.)

13. गारो किस राज्य में बोली जाती है?
(A) मणिपुर (B) त्रिपुरा
(C) सिक्किम (D) मेघालय
UPSI परीक्षा, 29-11-2021 (द्वि.पा.)

14. ग्यारहवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(A) 2018 (B) 2012
(C) 2019 (D) 2015
UPSI परीक्षा, 29-11-2021 (द्वि.पा.)

15. यह बोली पूर्वी हिंदी वर्ग की बोली नहीं है।
(A) बुन्देली (B) अवधी
(C) छत्तीसगढ़ी (D) बघेली
UPSI परीक्षा, 29-11-2021 (तृ.पा.)

16. छठा विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(A) 1999 (B) 2003
(C) 1993 (D) 1996
UPSI परीक्षा, 28-11-2021 (प्र.पा.)

17. इनमें से किसे 'पूरबी' भी कहते हैं?
(A) मैथिली (B) ब्रज
(C) भोजपुरी (D) बुंदेली
UPSI परीक्षा, 28-11-2021 (प्र.पा.)

18. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख मिलता है कि हिंदी का विकास करना भारत सरकार का दायित्व है?
(A) 350 (B) 344
(C) 343 (D) 351
UPSI परीक्षा, 28-11-2021 (प्र.पा.)

19. 'हिंदी का प्रहरी' इनमें से किसे कहा जाता है?
(A) मदनमोहन मालवीय
(B) पुरुषोत्तमदास टंडन
(C) महात्मा गाँधी
(D) काका कालेलकर
UPSI परीक्षा, 28-11-2021 (द्वि.पा.)

20. किस तिथि को भारत के संविधान में हिंदी को भारत की राजभाषा की मान्यता प्रदान की गई?
(A) 14 सितम्बर, 1949
(B) 14 सितम्बर, 1951
(C) 14 सितम्बर, 1948
(D) 14 सितम्बर, 1950
UPSI परीक्षा, 28-11-2021 (द्वि.पा.)

21. भारत में 'हिंदी' किस वर्ग के अंतर्गत शामिल है?
(A) राजभाषा (B) राष्ट्रभाषा
(C) काव्यभाषा (D) तकनीकी भाषा
UPSI परीक्षा, 28-11-2021 (तृ.पा.)

22. पूर्वी हिंदी का उद्‌भव किस अपभ्रंश से हुआ है?
(A) पैशाची अपभ्रंश
(B) शौरसेनी अपभ्रंश
(C) अर्धमागधी अपभ्रंश
(D) नागरी अपभ्रंश
UPSI परीक्षा, 27-11-2021 (प्र.पा.)

23. इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ भाषा नहीं है?
(A) तमिल (B) मलयालम
(C) मराठी (D) तेलुगू
UPSI परीक्षा, 27-11-2021 (द्वि.पा.)

24. विश्व हिंदी सचिवालय कहाँ है?
(A) अमेरिका (B) लंदन
(C) भारत (D) मॉरिशस
UPSI परीक्षा, 27-11-2021 (द्वि.पा.)

25. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश हैं?
(A) 343 (B) 344
(C) 351 (D) 348
UPSI परीक्षा, 27-11-2021 (द्वि.पा.)

26. सूरीनाम, मॉरीशस, गुयाना में बोली जाने वाली बोली कौन-सी है?
(A) राजस्थानी (B) ब्रज
(C) भोजपुरी (D) गढ़वाली
UPSI परीक्षा, 27-11-2021 (तृ.पा.)

27. इनमें से -'ढूँढाणी' को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(A) मारवाड़ी (B) जयपुरी
(C) राजस्थानी (D) मेवाती
UPSI परीक्षा, 25-11-2021 (द्वि.पा.)

28. प्राकृत का 'पाणिनी' किसे कहा जाता है?
(A) मार्कण्डेय (B) हेमचन्द्र
(C) विद्यानाथ (D) विद्याभूषण
UPSI परीक्षा, 25-11-2021 (द्वि.पा.)

29. किशोरीलाल गुप्त की पुस्तक हिंदी साहित्य का प्रथम इतिहास इनमें से किस पुस्तक का अनुवाद है?
(A) इस्तवार द ला लित्रेत्युर एन्दुई हिन्दुस्तानी
(B) ए हिस्ट्री ऑफ हिंदी लिटरेचर
(C) द मॉडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान
(D) स्केच ऑफ हिंदी लिटरेचर
UPSI परीक्षा, 25-11-2021 (द्वि.पा.)

30. 'नई समीक्षा' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किस विद्वान ने किया था?
(A) आई.आर. रिचर्ड्स
(B) स्पिन्गार्न
(C) नार्थ फ्राइप
(D) स्पेंगलर
UPSI परीक्षा, 25-11-2021 (द्वि.पा.)

31. 'भाटभाषा' इनमें से किसे कहा गया है?
(A) डिंगल (B) पिंगल
(C) ब्रज (D) बुन्देली
UPSI परीक्षा, 25-11-2021 (तृ.पा.)

32. भाषा की दृष्टि से हिंदी प्रदेश के अंतर्गत निम्न में से कौन शामिल नहीं है?
(A) बिहार (B) हिमाचल प्रदेश
(C) दिल्ली (D) आंध्र प्रदेश
UPSI परीक्षा, 24-11-2021 (प्र.पा.)

33. हिंदी भाषा के उद्‌भव का सही अनुक्रम क्या है?
(A) अपभ्रंश, प्राकृत, पालि, हिंदी
(B) हिंदी, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश
(C) प्राकृत, हिंदी, अपभ्रंश, पालि
(D) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी
UPSI परीक्षा, 24-11-2021 (प्र.पा.)

34. इनमें से किस जिले में 'कन्नौजी बोली जाती है?
(A) उरई (B) झाँसी
(C) हरदोई (D) जालौन
UPSI परीक्षा, 24-11-2021 (द्वि.पा.)

35. भारत में कितने प्रकार के भाषा-परिवार पाए जाते हैं?
(A) चार (B) छह
(C) पाँच (D) सात
UPSI परीक्षा, 24-11-2021 (द्वि.पा.)

36. 'बघेली का प्रमुख क्षेत्र कौन-सा है?
(A) मिर्जापुर (B) गोरखपुर
(C) देवरिया (D) शाहाबाद
UPSI परीक्षा, 24-11-2021 (द्वि.पा.)

37. केंद्रीय हिंदी निदेशालय का मुख्यालय कहाँ है?
(A) हैदराबाद (B) नई दिल्ली
(C) आगरा (D) गुवाहाटी
UPSI परीक्षा, 24-11-2021 (तृ.पा.)

38. मैथिली किस राज्य में ज्यादा बोली जाती है?
(A) पंजाब (B) बिहार
(C) छत्तीसगढ़ (D) राजस्थान
UPSI परीक्षा, 24-11-2021 (तृ.पा.)

39. केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान किस विभाग के तहत कार्यरत है?
(A) विधायी विभाग
(B) राजभाषा विभाग
(C) साहित्य अकादमी
(D) उच्चतर शिक्षा विभाग
UPSI परीक्षा, 24-11-2021 (तृ.पा.)

40. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(A) असमिया, उड़िया का विकास मागधी अपभ्रंश से नहीं हुआ है।
(B) अवधी और बघेली बोलियों का विकास पूर्वी हिंदी से हुआ है।
(C) हरियाणवी, ब्रजभाषा बोलियों का विकास बिहारी उपभाषा से नहीं हुआ है।
(D) पूर्वी हिंदी का विकास अर्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है।
UPSI परीक्षा, 24-11-2021 (प्र.पा.)

41. छठा विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था?
(A) लंदन (ब्रिटेन)
(B) नई दिल्ली (भारत)
(C) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदादल)
(D) पोर्ट लुई (मॉरीशस)
UPSI परीक्षा, 23-11-2021 (प्र.पा.)

42. 'लहँदा' का विकास किससे हुआ है?
(A) राजस्थानी (B) पैशाची
(C) गढ़वाली (D) मागधी
UPSI परीक्षा, 22-11-2021 (प्र.पा.)

43. पाँचवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन–कहाँ संपन्न हुआ था।
(A) नई दिल्ली
(B) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)
(C) पोर्ट लुई (मॉरिशस)
(D) लंदन (ब्रिटेन)
UPSI परीक्षा, 22-11-2021 (प्र.पा.)

44. हिन्दी की विकास प्रदान करने वाली भाषा कौन–सी है
(A) प्राकृत (B) अपभ्रंश
(C) पाली (D) संस्कृत
[UPSI परीक्षा 2017]

45. 'खड़ी बोली' इनमें से किस अपभ्रंश से निकली है?
(A) मागधी (B) शौरसेनी
(C) अर्धमागधी (D) ब्राचड़
UPSI परीक्षा, 22-11-2021 (द्वि.पा.)

46. पूर्वी हिंदी की दो बोलियों का सही युग्म इनमें से कौन-सा है?
(A) अवधी-ब्रजभाषा
(B) मगही-बघेली
(C) छत्तीसगढ़ी-गढ़वाली
(D) अवधी-छत्तीसगढ़ी
UPSI परीक्षा, 22-11-2021 (द्वि.पा.)

47. 'संवेदनात्मक ज्ञान' और 'ज्ञानात्मक संवेदन' सूत्र के प्रयोक्ता हैं–
(A) मनोहर श्याम जोशी
(B) केदार नाथ सिंह
(C) मुक्तिबोध
(D) रमेश कुन्तल मेघ
UPSI परीक्षा, 22-11-2021 (द्वि.पा.)

48. दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(A) 1983 (B) 1993
(C) 1976 (D) 1975
UPSI परीक्षा, 22-11-2021 (तृ.पा.)

49. इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ भाषा है?
(A) बांग्ला (B) मराठी
(C) तुलु (D) ओड़िया
UPSI परीक्षा, 22-11-2021 (तृ.पा.)

50. दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था?
(A) पोर्ट लुई (मॉरिशस)
(B) नई दिल्ली
(C) पोर्ट ऑफ स्पेन
(D) लंदन (ब्रिटेन)
UPSI परीक्षा, 21-11-2021 (प्र.पा.)

51. ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है?
(A) शौरसेनी (B) अर्धमागधी
(C) मागधी (D) पैशाची
UPSI परीक्षा, 21-11-2021 (प्र.पा.)

52. साहित्य अकादमी की स्थापना कब हुई थी?
(A) 12 मार्च, 1954 (B) 4 मार्च, 1955
(C) 10 मार्च, 1956 (D) 10 मई, 1956
UPSI परीक्षा, 21-11-2021 (द्वि.पा.)

53. पालि भाषा का सम्बन्ध निम्न में से किस साहित्य से मुख्य रूप से जुड़ा हुआ है?
(A) सिद्ध साहित्य
(B) इनमें से कोई नहीं
(C) बौद्ध साहित्य
(D) जैन साहित्य
UPSI परीक्षा, 21-11-2021 (द्वि.पा.)

54. पालि भाषा का अन्य नाम क्या है?
(A) अपभ्रंश (B) प्राकृत
(C) ब्राचड़ (D) मागधी
UPSI परीक्षा, 21-11-2021 (तृ.पा.)

55. 'हाड़ौती' बोली है–
(A) पूर्वी राजस्थान की
(B) दक्षिणी राजस्थान की
(C) पश्चिमी राजस्थान की
(D) उत्तरी राजस्थान की
UPSI परीक्षा, 21-11-2021 (तृ.पा.)

56. केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में इनमें से कौन-सा शामिल नहीं है?
(A) प्रबोध (B) प्रवीण
(C) पारंगत (D) निष्णात
UPSI परीक्षा, 20-11-2021 (प्र.पा.)

57. चौथा विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(A) 1993 (B) 1996
(C) 1999 (D) 2003
UPSI परीक्षा, 20-11-2021 (प्र.पा.)

58. विश्व हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?
(A) 26 जनवरी (B) 15 अगस्त
(C) 14 सितंबर (D) 10 जनवरी
UPSI परीक्षा, 20-11-2021 (द्वि.पा.)

59. छत्तीसगढ़ी किस हिंदी की बोली है?
(A) पश्चिमी हिंदी (B) पहाड़ी
(C) राजस्थानी हिंदी (D) पूर्वी हिंदी
UPSI परीक्षा, 20-11-2021 (तृ.पा.)

60. सिन्धी भाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ?
(A) शौरसेनी (B) पैशाची
(C) मागधी (D) ब्राचड़
UPSI परीक्षा, 17-11-2021 (प्र.पा.)

61. पाली भाषा के सर्वप्रथम वैयाकरण कौन हैं?
(A) पंतजलि (B) पाणिनी
(C) कच्चायन (D) हेमचन्द्र
UPSI परीक्षा, 16-11-2021 (प्र.पा.)

62. 'बनाफरी' इनमें से किस बोली की उप-बोली है?
(A) कौरवी (B) बघेली
(C) ब्रज (D) इनमें से कोई नहीं
UPSI परीक्षा, 16-11-2021 (प्र.पा.)

63. निम्नलिखित बोलियों में से किस बोली का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से नहीं हुआ है?
(A) बघेली (B) बुन्देली
(C) कन्नौजी (D) ब्रजभाषा
UPSI परीक्षा, 16-11-2021 (तृ.पा.)

64. इनमें से हिन्दी की वह चर्चित रचना कौन–सी है जिस पर लोकप्रिय टीवी सिरियल बना था?
(A) परीक्षागुरु (B) चंद्रकांता
(C) गोदान (D) आधा गाँव
UPSI परीक्षा, 14-11-2021 (प्र.पा.)

65. भारतीय संविधान के अनुसार हिंदी के साथ–साथ अंग्रेजी का प्रयोग कितने वर्षों तक करने का सुझाव दिया गया था?
(A) 14 वर्षों तक (B) 15 वर्षों तक
(C) 20 वर्षों तक (D) हमेशा
UPSI परीक्षा, 14-11-2021 (प्र.पा.)

66. खड़ी बोली या कौरवी का उद्भव शौरसेनी अपभ्रंश के निम्नलिखित में किस रूप से हुआ है?
(A) उत्तरी रूप (B) दक्षिणी रूप
(C) मध्यवर्ती रूप (D) इनमें से कोई नहीं
UPSI परीक्षा, 14-11-2021 (द्वि.पा.)

67. इनमें से कौन–सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?
(A) सिंधी (B) कन्नड़
(C) नेपाली (D) तुलु
UPSI परीक्षा, 14-11-2021 (तृ.पा.)

68. भारत में भाषा के आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(A) पंजाब
(B) जम्मू–कश्मीर
(C) आंध्र प्रदेश
(D) बिहार
UPSI परीक्षा, 13-11-2021 (द्वि.पा.)

69. "भाषा संवर्धिनी सभा' कहाँ स्थापित की गई थी?
(A) वाराणसी (B) अलीगढ़
(C) प्रयाग (D) देवरिया
UPSI परीक्षा, 13-11-2021 (तृ.पा.)

70. इनमें से किस राज्य की मुख्य राज्यभाषा हिंदी नहीं है?
(A) हिमाचल प्रदेश (B) झारखंड
(C) असम (D) छत्तीसगढ़
UPSI परीक्षा, 13-11-2021 (तृ.पा.)

71. निम्नलिखित में से प्राचीन भारतीय आर्य भाषा कौन–सी है?
(A) अपभ्रंश (B) प्राकृत
(C) वैदिक संस्कृत (D) पालि
[UPSI परीक्षा 2017]

72. "हाड़ौती" बोली कहाँ बोली जाती है?
(A) राजस्थान (B) हरियाणा
(C) मध्य प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश
[UPSI परीक्षा 2017]

73. हिन्दी को राजभाषा का दर्जा मिला।
(A) 15 अगस्त, 1947 (B) 14 सितंबर, 1949
(C) 26 नवंबर, 1949 (D) 26 जनवरी, 1950
[UPSI परीक्षा 2017]

74. हिन्दी भारत की कौन–सी भाषा है?
(A) राज्यभाषा (B) ब्रजभाषा
(C) राष्ट्रभाषा (D) सम्पर्क भाषा
[UPSI परीक्षा 2017]

75. "पद्मावत महाकाव्य" कौन–सी भाषा में लिखा है?
(A) राजस्थानी (B) खड़ी बोली
(C) अवधी (D) ब्रज
[UPSI परीक्षा 2017]

76. 'मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर आदि' क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन–सी बोली, बोली जाती है?
(A) खड़ी बोली (B) अवधी
(C) बांगरू (D) ब्रजभाषा
[UPSI परीक्षा 2017]

77. 'राँघड़ी बोली' कहाँ बोली जाती है?
(A) केरल (B) हरियाणा
(C) मध्य प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश
[UPSI परीक्षा 2017]

78. इनमें से कौन–सी बोली मध्य प्रदेश की प्रमुख बोलियों में से नहीं है?
(A) मालवी (B) बाँगरू
(C) निमाड़ी (D) बुन्देली
[UPSI परीक्षा 2017]

79. रोमन लिपि का प्रयोग किस भाषा के लिए नहीं होता है?
(A) कुल्लुई (B) फ्रेंच
(C) जर्मन (D) स्पेनिश
[UPSI परीक्षा 2017]

80. किस वर्ष में हिन्दी भाषा को कार्यान्वित करने का प्रस्ताव था?
(A) 14 सितम्बर 1950
(B) 14 सितम्बर 1949
(C) 14 सितम्बर 1960
(D) 14 सितम्बर 1964
[UPSI परीक्षा 2017]

81. "कन्नौजी बोली" मुख्य रूप से निम्न में से कौन–से जिले में बोली जाती है?
(A) कानपुर (B) इलाहाबाद
(C) फर्रुखाबाद (D) मुरादाबाद
[UPSI परीक्षा 2017]

82. हिन्दी के स्थान पर अंग्रेजी को सन् 1855 में भारत की शिक्षा और प्रशासन की भाषा के रूप में किसने स्थापित किया?
(A) द लार्ड मिंटो (B) जान एडिम्स
(C) लार्ड मेकाले (D) वारेन हस्टिंग
[UPSI परीक्षा 2017]

83. भाषा के क्षेत्रीय रूप को क्या कहा जाता है?
(A) राज्य भाषा (B) साहित्य
(C) राष्ट्रभाषा (D) बोली
[UPSI परीक्षा 2017]

84. "बाँगरु" भाषा ज्यादातर कौन–सी राज्य में बोली जाती है?
(A) हरियाणा (B) कर्नाटक
(C) तमिलनाडु (D) बिहार
[UPSI परीक्षा 2017]

85. हिन्दी का मानक रूप किस भाषा से विकसित हुआ है?
(A) मालवी (B) ब्रज
(C) खड़ी बोली (D) अवधी
[UPSI परीक्षा 2017]

86. जनगणना, 2001 के हिसाब से भारत में निम्नलिखित भाषाओं में से सबसे अधिक कौन–सी भाषा बोली जाती है?
(A) गुजराती (B) मराठी
(C) बंगाली (D) तमिल
[UPSI परीक्षा 2017]

87. संसार की प्रमुख भाषाओं में हिन्दी का स्थान है।
(A) पहला (B) दूसरा
(C) तीसरा (D) चौथा
[UPSI परीक्षा 2017]

व्याख्यात्मक हल

1. (B) बेगमपुरा की अवधारणा संत रविदास ने दी थी यह एक राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक अवधारणा थी। बेगमपुरा को ऐसा देश माना गया था जहाँ कोई दु:ख न हो।

2. (D) प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष बी. जी. खेर थे। भारतीय संविधान के भाग 17 में हिंदी को राजभाषा घोषित किया है। (अनुच्छेद 343(i)।

3. (B) 'चंद्रकांता' देवकी नन्दन खत्री द्वारा रचित एक लोकप्रिय तिलस्मी उपन्यास है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसे पढ़ने के लिए बहुत से लोगों ने हिंदी सीखी। इस पर आधारित एक टी.वी. सीरियल (चन्द्रकांता) भी बना है।

4. (A) वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप 'खड़ी बोली' है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से इसे आदर्श हिंदी, उर्दू, तथा हिन्दुस्तानी की आधार स्वरूप बोली होने का गौरव प्राप्त है।

5. (C) राजभाषा सम्बन्धी प्रावधान भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343-351 में उल्लिखित है। अत: विकल्प (C) सही है।

6. (A) अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास ब्राह्मी लिपि से हुआ है। अत: विकल्प (A) सही है।

7. (B) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता दी गयी है। अत: विकल्प (B) सही है।

8. (A) पंजाबी भाषा का उद्भव पैशाची अपभ्रंश से माना जाता है। अत: विकल्प (A) सही है।

9. (C) 'गारो' भाषा मेघालय राज्य में बोली जाती है। अत: विकल्प (C) सही है।

10. (D) मलयालम, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ आदि भाषाएँ द्रविण परिवार की भाषाएँ हैं, जबकि सौराष्ट्र द्रविड़ परिवार की भाषा नहीं है। यह गुजराती भाषा की एक बोली है।

11. (C) "वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग" केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन गठित है। इस आयोग का गठन 1961 ई. में हुआ था।

12. (C) पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी से 14 जनवरी तक 1975 में नागपुर में आयोजित हुआ था। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के सहयोग से यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था।

13. (D) 'गारो' भाषा मेघालय राज्य में बोली जाती है। अन्य विकल्पों में दिए गए राज्यों में बोली जाने वाली भाषा निम्नवत् है–
मणिपुर – मणिपुरी
त्रिपुरा – बंगाली, हिंदी
सिक्किम - नेपाली, हिंदी

14. (A) ग्यारवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन मॉरिशस में 18 से 20 अगस्त के मध्य 2018 में हुआ था। अत: विकल्प (A) सही है।

15. (C) विकल्प (A) में दी गई बोली 'बुन्देली' पूर्वी हिंदी वर्ग के अन्तर्गत नहीं बल्कि पश्चिमी हिंदी के अन्तर्गत आती है। पश्चिमी हिंदी का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है।

16. (A) छठा विश्व हिन्दी सम्मेलन 14 सितम्बर से 18 सितम्बर, 1999 में लन्दन में आयोजित हुआ था, जिसमें 21 देशों ने प्रतिभाग किया था।
पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 1975 में नागपुर में हुआ था।

17. (C) भोजपुरी हिन्दी की बोली है, इस पूरबी या पुरबिया भी कहा जाता है, जबकि ब्रज और बुन्देली पश्चिमी हिन्दी से विकसित हैं।

18. (D) संविधान के भाग 17 के अनुच्छेद 343 में हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया तथा अनुच्छेद 351 में हिंदी के विकास का दायित्व भारत सरकार पर प्रभारित किया है।

19. (B) पुरुषोत्तम दास टंडन को हिंदी का प्रहरी कहा जाता है। इनको सन 1961 में भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

20. (B) 14 सितम्बर सन् 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है। संविधान की धारा 343(1) के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी एवं लिपि देवनागरी है।

21. (A) भारत में हिंदी राजभाषा के अन्तर्गत शामिल है। संविधान सभा ने 14 सितम्बर सन् 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा स्वीकार किया।

22. (C) पूर्वी हिंदी का उद्भव अर्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है। पूर्वी हिंदी उपभाषा के अन्तर्गत अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी बोलियाँ आती हैं।

23. (C) मराठी भाषा द्रविड़ भाषा नहीं है। अत: विकल्प (C) सही है।

24. (D) विश्व हिंदी सचिवालय मॉरिशस में स्थित है। अत: विकल्प (D) सही है।

25. (C) भारतीय संविधान के अनुच्छेद '351' में हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश हैं।

26. (C) 'सूरीनाम, मॉरीशस, गुयाना में भोजपुरी बोली, बोली जाती है। अत: विकल्प (C) सही है।

27. (B) 'ढूँढाणी' बोली को जयपुरी नाम से भी जाना जाता है। राजस्थान के पूर्वी भाग जयपुर, अजमेर, किशनगढ़ आदि में यह बोली, बोली जाती है। इसका केन्द्र जयपुर है।

28. (B) प्राकृत का पाणिनी 'हेमचन्द्र' को कहा गया है। अत: विकल्प (B) सही है।

29. (C) किशोरीलाल गुप्त की पुस्तक 'हिंदी साहित्य का प्रथम इतिहास' विकल्प (C) में दी गई पुस्तक द मॉडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान का अनुवाद है। अत: विकल्प (C) सही है।

30. (B) 'नई समीक्षा' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 'स्पिन्गार्न' ने किया था। अत: विकल्प (B) सही है।

31. (A) 'डिंगल' भाषा को भाटभाषा कहा गया है। राजस्थान के चारण कवियों ने अपने गीतों के लिए जिस साहित्यिक शैली का प्रयोग किया है, उसे डिंगल कहा जाता है।

32. (D) आंध्र प्रदेश भाषा की दृष्टि से हिंदी प्रदेश के अन्तर्गत नहीं आता है। आंध्र प्रदेश की आ. धिकारिक भाषा तेलुगू है। बिहार, हिमाचल प्रदेश तथा दिल्ली में हिंदी भाषा बोली जाने के कारण हिंदी प्रदेश के अन्तर्गत आते हैं।

33. (D) हिंदी भाषा के उद्‌भव का सही अनुक्रम विकल्प है—पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी। पहली प्राकृत को पालि भाषा कहा जाता है। जिसका समय 500 ई.पू. से 1 ई. तक, दूसरी प्राकृत जिसका समय 1 ई. से 500 ई. तक, तीसरी अपभ्रंश जिसका समय 500 ई. से 1000 ई. तक, चौथी हिंदी जिसका समय 1000 ई. से अब तक है।

34. (C) 'हरदोई जिले में कन्नौजी बोली' बोली जाती है। हरदोई के अतिरिक्त इटावा, शाहजहाँपुर, कानपुर, पीलीभीत आदि जिलों में भी कन्नौजी बोली, बोली जाती है।

35. (C) भारत में 'पाँच' प्रकार के भाषा परिवार पाये जाते हैं।
(1) आर्य भाषा परिवार
(2) द्रविड़ भाषा परिवार
(3) आस्ट्रोएशियाटिक भाषा परिवार
(4) चीनी-तिब्बती भाषा परिवार
(5) अंडमानी भाषा परिवार

36. (A) बघेली बोली का प्रमुख क्षेत्र 'मिर्जापुर' है। बघेली बोली पूर्वी हिंदी के अन्तर्गत आती है।

37. (B) केंद्रीय हिंदी निदेशालय का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। यह भारत सरकार का एक विभाग है जो मानक हिंदी के प्रचार के लिए उत्तरदायी है।

38. (B) 'मैथिली' बोली बिहार राज्य में ज्यादा बोली जाती है। मैथिली बोली का विकास 'मागधी अपभ्रंश' से हुआ है।

39. (B) केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी संस्थान राजभाषा विभाग के तहत कार्यरत है। अतः विकल्प (B) सही है।

40. (A) विकल्प (A) में दिया गया कथन कि असमिया, उड़िया का विकास मागधी, अपभ्रंश से नहीं हुआ है यह कथन गलत है, क्योंकि असमिया, उड़िया, बिहारी तथा बांग्ला भाषा का विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ है।

41. (A) छठा विश्व हिन्दी सम्मेलन
स्थान—लंदन (ब्रिटेन)
अवधि—14–18 सितम्बर, 1999
प्रतिभागी देश—21
प्रतिनिधियों की संख्या—700

42. (B) लहँदा का विकास पैशाची से हुआ है। अतः विकल्प (B) सही है।

43. (B) पाँचवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन पोर्टऑफ स्पेन (त्रिनिदाद) में आयोजित हुआ था।
प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 1975 में नागपुर में आयोजित हुआ था।
10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

44. (B) हिन्दी को विकास प्रदान करने वाली भाषा अपभ्रंश है। हिन्दी का विकास क्रम इस प्रकार है—
संस्कृत → पाली → प्राकृत → अपभ्रंश → अवहट्ट → हिन्दी।

45. (B) खड़ी बोली पश्चिमी हिंदी उपभाषा के अन्तर्गत आती है। खड़ी बोली शौरसेनी अपभ्रंश से निकली है। पश्चिमी हिंदी के अन्तर्गत खड़ी बोली के अतिरिक्त ब्रजभाषा, हरियाणवी, बुंदेली तथा कन्नौजी बोलियाँ आती हैं।

46. (D) पूर्वी हिंदी के अन्तर्गत 'अवधी और छत्तीसगढ़ी' बोलियाँ आती हैं। पूर्वी हिंदी का विकास अर्द्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है।

47. (C) 'संवेदनात्मक ज्ञान' और 'ज्ञानात्मक संवेदन' सूत्र के प्रयोक्ता गजानन माधव मुक्तिबोध हैं। मुक्तिबोध एक रचनाकार होने के साथ-साथ एक शिक्षक भी थे। वे शिक्षा और मनोविज्ञान का चोली-दामन का साथ मानते हैं।

48. (C) दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुई में सन् 1976 में 28 अगस्त से 30 अगस्त तक चला था। विश्व हिंदी सम्मेलन हिंदी भाषा का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन है। इसमें विश्व भर से विद्वान, साहित्यकार भाषा विज्ञानी, विषय विशेषज्ञ तथा पत्रकार एकत्रित होते हैं।

49. (C) विकल्प (C) में दी गई भाषा 'तुलु' एक द्रविड़ भाषा है। यह कर्नाटक राज्य के पश्चिमी किनारे में स्थित दक्षिणी कन्नड़ और उडुपि जिलों में तथा उत्तरी केरल के कुछ भागों की प्रचलित भाषा है। पहले ब्राह्मण वैदिक और संस्कृत साहित्य लिखने के लिए तिगलारि नामक लिपि का उपयोग करते थे। अब तुलु लिखने के लिए कन्नड़ लिपि का प्रयोग किया जाता है। दक्षिण कन्नड़ तथा उडुपि जिलों के अधिकांश लोगों की मातृभाषा तुलु है।

50. (A) दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन पोर्ट लुई मॉरीशस में सम्पन्न हुआ था। अतः विकल्प (A) सही है।

51. (A) ब्रजभाषा का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। अतः विकल्प (A) सही है।

52. (A) साहित्य अकादमी की स्थापना 12 मार्च 1954 को हुई थी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' इसी संस्था द्वारा प्रदान किया जाता है।

53. (C) बौद्ध साहित्य पाली भाषा में लिखा गया है तथा सिद्ध साहित्य अपभ्रंश भाषा में और जैन साहित्य संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश में लिखा गया है।

54. (D) पालि भाषा का अन्य नाम मागधी है। संस्कृत से हिन्दी तक भाषाओं का क्रम इस प्रकार है—
संस्कृत → पाली → प्राकृत → अपभ्रंश → हिन्दी।

55. (A) 'हाड़ौती' पूर्वी राजस्थान की बोली है। यह बोली राजस्थान के कोटा, बूँदी तथा आसपास के क्षेत्र में बोली जाती है।

56. (D) केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में 'निष्णात' शामिल नहीं है। अतः विकल्प (D) सही है।

57. (A) चौथा विश्व हिंदी सम्मेलन 1993 में 2 दिसम्बर से 4 दिसम्बर के दौरान मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुई में आयोजित किया गया

58. (D) विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है जबकि राष्ट्रीय हिन्दी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है।

59. (D) छत्तीसगढ़ी बोली का विकास पूर्वी हिंदी से हुआ है।

60. (D) 'सिन्धी' भाषा का विकास 'ब्राचड़' अपभ्रंश से हुआ है। अतः विकल्प (D) सही है।

61. (C) कच्चायन पाली भाषा के सर्वप्रथम वैयाकरण थे। वह बुद्ध भगवान के दस शिष्यों में से एक परम ऋद्धि मान शिष्य थे।

62. (D) 'बनाफरी' बुन्देली की उप-बोली है। अतः विकल्प (D) सही है।

63. (A) शौरसैनी अपभ्रंश से बुन्देली, कन्नौजी, ब्रजभाषा, खड़ी बोली, आदि बोलियाँ हैं जबकि बघेली पूर्वी हिन्दी से विकसित है।

64. (B) देवकी नंदन खत्री द्वारा लिखित उपन्यास 'चद्रकांता' पर आधारित लोकप्रिय टीवी सीरियल बना है। जिसका निर्देशन नीरजा गुलेरी ने किया था।

65. (B) भारतीय संविधान के भाग 17 के अनुच्छेद 343 (i) के अनुसार हिन्दी को राजभाषा घोषित किया गया है, परन्तु 15 वर्षों तक हिन्दी के साथ–साथ अंग्रेजी का प्रयोग करने का सुझाव दिया गया था।

66. (A) खड़ी बोली को कौरवी के नाम से भी जाना जाता है इसका विकास शौरसैनी अपभ्रंश के उत्तरी रूप से हुआ है। अतः विकल्प (A) सही है।

67. (D) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भारतीय भाषाओं का उल्लेख है प्रश्न के सन्दर्भ में सिंधी, कन्नड़, नेपाली आठवीं अनुसचूी में शामिल हैं। तुलु का उल्लेख आठवीं अनुसूची में नहीं है।

68. (C) भारत में भाषायी आधार पर सर्वप्रथम आंध्र प्रदेश का गठन 1 नवंबर, 1956 को किया गया था।

69. (B) 'भाषा संवर्धिनी सभा' का गठन बाबू तोता राम ने अलीगढ़ में किया था। ये 'भारत बंधु' नामक पत्र के सम्पादक भी थे।

70. (C) असम की सरकारी कामकाज की भाषा (राजभाषा) असमिया और अंग्रेजी हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में हिन्दी कामकाजी भाषा है।

71. (C) दिये गये विकल्पों में से 'प्राचीन भारतीय आर्य भाषा' 'वैदिक संस्कृत' को कहा जाता है। शेष तीनों भाषाएँ पालि, प्राकृत, अपभ्रंश इसकी परवर्ती है।

72. (A) 'हाड़ौती' बोली राजस्थान में बोली जाती है। यह राजस्थान के पूर्वी क्षेत्र अर्थात् कोटा बूंदी तथा चित्तौड़ की मुख्य बोली है। राजस्थान में बोली जाने वाली अन्य बोलियाँ मारवाड़ी, मेवाती, मालवी और जयपुरी हैं।

73. (B) राजभाषा का शाब्दिक अर्थ है—राजकाज की भाषा जो भाषा राजकीय कार्यों के लिए प्रयुक्त होती है, वह 'राजभाषा' कहलाती है। हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में 14 सितम्बर 1949 ई. को स्वीकार किया गया था।

74. (D) हिन्दी भारत की 'सम्पर्क भाषा' है।

75. (C) 'पद्मावत' मलिक मुहम्मद जायसी की कालजयी रचना है, जिसे 'अवधी भाषा' में लिखा गया है। इसमें चित्तौड़ के राजा 'रत्नसेन' एवं सिंहल की राजकुमारी 'पद्मावती' के प्रेम और विवाह के पश्चात के जीवन का मार्मिक चित्रण हुआ है इनकी अन्य प्रमुख रचनाएँ हैं—अखरावट, आखिरी कलाम, चित्ररेखा, कहरानामा, मसलानामा आदि।

76. (D) मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर आदि क्षेत्रों में 'ब्रजभाषा' बोली जाती है। शेष तीनों बोलियाँ इन क्षेत्रों की नहीं हैं। अवधी पूर्वी उत्तर प्रदेश की, बाँगरू हरियाणा की तथा खड़ी बोली पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रमुख बोलियाँ हैं।

77. (B) 'राँघड़ी बोली' हरियाणा में बोली जाती है। यह मूलतः राजस्थान के मालवा के राजपूतों में मालवी एवं मारवाड़ी के मिश्रण से बनी है तथा राँघड़ी नाम से प्रसिद्ध है।

78. (B) बाँगरू बोली हरियाणा में बोली जाती है या यह कहें कि हरियाणवी का ही अन्य नाम बाँगरू है। मालवी, निमाड़ी, और बुन्देलखण्डी मध्य–प्रदेश की प्रमुख बोलियाँ है।बुन्देलखण्डी वहाँ की अधिकांश जनसंख्या द्वारा बोली जाती है।

79. (A) रोमन लिपि का प्रयोग कुल्लई भाषा के लिए नहीं होता है।

80. (B) हिन्दी भाषा को कार्यान्वित करने का प्रस्ताव 14 सितम्बर, 1949 ई. को पारित हुआ था।

81. (C) कन्नोजी बोली मुख्यतः फरुखाबाद जिले में बोली जाती है। यह शौरसेनी अपभ्रंश से निकली है। फर्रुखाबाद के अलावा यह बोली, शाहजहाँपुर, हरदोई, इटावा, पीलीभीत आदि जिलों में बोली जाती है।

82. (C) हिन्दी के स्थान पर अंग्रेजी को सन् 1855 में भारत की शिक्षा और प्रशासन की भाषा के रूप में लार्ड मैकाले ने स्थापित किया था?

83. (D) भाषा के क्षेत्रीय रूप को 'बोली' कहा जाता है।

84. (A) अधिकांशतः 'बाँगरू' भाषा हरियाणा राज्य में बोली जाती है। यह शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित पश्चिमी हिन्दी उपभाषा की बोली है जिसकी दो उपबोलियाँ 'जाटू' और 'चमरवा' प्रचलित हैं। हरियाणा के अतिरिक्त बांगरू पंजाब के दक्षिण पूर्व भाग में भी बोली जाती है।

85. (C) हिन्दी का मानक रूप खड़ी बोली से विकसित हुआ है। 'पूर्वी हिन्दी' के अन्तर्गत विकसित बोलियाँ अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी हैं।

86. (A) जनगणना, 2001 के अनुसार भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा 'बंगाली' है। संविधान के आठवीं अनुसूची में भारत में बोली जाने वाली 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की गयी है।

87. (B) 'हिन्दी' विश्व की लगभग 3000 भाषाओं में से एक है। आकृति या रूप के आधार पर हिन्दी वियोगात्मक या विश्लिष्ट भाषा है भाषा परिवार के आधार पर हिन्दी इन्डो परिवार की भाषा है। तथा संसार की प्रमुख भाषाओं में हिन्दी का द्वितीय स्थान है।

❑❑